योजना के दौरान में नये कालेज खोल कर, वर्तमान कालेजों में शैक्षनिक सुविधाओं का विस्तार करके और सायं-कालीन कालेज तथा पत्र-व्यवहर पाठ्यक्रम चला कर, सरकार का विचार उच्च शिक्षा की सुविधाओं का विस्तार करने का है ।

स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की संक्षिप्त जीवनियां

६३२. श्री भक्त दर्शन : क्या **वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक-कार्य** मंत्री २६ मार्च, १६६२ के तारांकित प्रश्न संख्या २७६ के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों की संक्षिप्त जीवनियां प्रकाशित करने की जो योजना स्वीकार की गई थी, उस कार्यान्वित करने मे प्रत्येक राज्य में अब तक क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) विभिन्न राज्यों में इस कार्य के अब तक समाप्त हो जाने की आशा की जाती है ?

वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) और (ख). सूचना विवरण में दी हुई है ।

विवरण

क—राज्य

क्रम सं०	राज्य का नाम	हरेक राज्य की प्रगति	समय, जब तक काम खत्म होने की उम्मीद है ।
१	२	३	४
१	आन्ध्र प्रदेश	करीब २,००० जीवनवृत्त संकलित किये गये ।	फरवरी, १६६३
२	असम	आंकड़े इकट्ठे किये जा रहे हैं।	करीब सितम्बर, १६६३
३	बिहार	करीब २१,००० मामले संकलित किये गये ।	सितम्बर, १६६३
४	गुजरात	११६० लोगों के बारे में सूचना इकट्ठी की गई ।	जल्दी ही ।
५	जम्मू और काश्मीर	काम हो रहा है ।	कोई तारीख बतायी नहीं गई है ।
६	केरल	६०० लोगों के बारे में सूचना इकट्ठी की गई ।	मार्च, १६६३
७	मध्य प्रदेश	काम शुरू होने वाला है ।	समय की कोई सीमा तै नहीं की गई ।
८	मद्रास	सितम्बर, १६६३ में काम शुरू होने की उम्मीद है ।	समय की कोई सीमा नहीं दी गई ।